Scheme was Rs. 681.32 crores. Of this amount the outstanding against Scheduled Castes and Scheduled Tribes was Rs. 414.39 crores.

गुजरात में राजस्व की प्राप्ति

832. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994 के दौरान केन्द्रीय सरकार ने गुजरात राज्य में जिला-वार आयकर लघु बचतों, सीमा-शुल्क तथा उत्पाद शुल्क से कुल कितना राजस्व आर्जित किया;

(ख) कुल अर्जित राजस्व में से राज्य को कुल कितनी धनराशि लौटायी गयी;

(ग) गुजरात में इस समय जिला-वार कितने आयकर दाता हैं; और

(घ) आयकर विभाग ने राज्य में गत एक वर्ष के दौरान कितने छापे मारे और उनमें कितनी संपत्ति जब्त की गई?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति):** (क) इन उद्देश्यों के लिए जिले-वार आंकड़े नहीं रखे जाते।

(ख) गुजरात सरकार को वर्ष 1994-95 के दौरान केन्द्रीय करों के हिस्से के रूप में दी जाने वाली राशि 978.63 करोड़ रु० थी;

(ग) गुजरात में वित्तीय वर्ष 1994-95 में आयकर दाताओं की कुल संख्या 9,31,212 थी जिलेवार आंकड़े नहीं रखे जाते।

(घ) वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात में 531 छापे मारे गए और इसके परिणामस्वरूप 3707.75 लाख रु० की सम्पत्तियां जब्त की गई।

रिलायंस उद्योग के नाम बकाया धनराशि

833. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च, 1995 की स्थिति के अनुसार गुजरात और महाराष्ट्र राज्य सरकारों की रिलायंस औद्योगिक समूह के नाम बकाया धनराशि का अद्यतन ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त औद्योगिक समूह द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) महाराष्ट्र और गुजरात सरकारों को बकाया राशि का भुगतान कब तक कर दिये जाने की संभावना है?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति):** (क) से (ग) सूचना भारत सरकार से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है। सूचना संबंधित राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

**New Currency Note Racket**

834. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a racket in new currency notes is flourishing in the precincts of Reserve Bank of India vide a News-report published in the 'Pioneer' of 10th June, 1995; and

(b) if so, the facts of the case and action taken in the matter and with what results?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (DR. DEBIPROSAD PAL): (a) and (b) The New Delhi office of Reserve Bank of India has stopped issuing fresh notes of Re. 1/-, Rs. 2/- and Rs. 5/- denominations from January 1994, May 1994 and May 1995 onwards respectively, on account of discontinuance of printing and supply of these notes from Currency Note Press, Nasik. The question of flourishing of a racket in the premises of RBI, New Delhi as reported in 'The Pioneer' dated 10th June 1995 does not arise.

विद्युत का उत्पादन और इसकी खपत

835. **श्री रामजी लाल:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार देश में बिजली की कुल कितनी खपत है और इसका कुल कितना उत्पादन होता है;

(ख) सरकार द्वारा जिन विद्युत संयंत्रों के लिए